तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जनसमस्या निवारण शिविर बना सुशासन और जनसेवा का सशक्त मंच



11 जिला कांग्रेस सचिव ध्रुव ने किया रक्तदान...



## खबर संक्षेप

### बेरला से मवेशियों को ले जाया जा रहा था महाराष्ट्र



**भिलाई।** धमधा थाना अंतर्गत पेंड्री में पुलिस ने मवेशियों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने लांजी नागपुर जा रहे बोलेरो पिकअब एमएच 35 एजे 4771 को गंडई मार्ग पर पेंड्री के पास रोका। बोलेरो में 5 मवेशी सवार थे। मामले में लांजी बालाघाट के दुर्गेश घोरमारे 21 वर्ष और एक नाबालिक को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में खुलासा कि आरोपी मवेशियों को नागपुर जा रहे थे। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश कर रहे थे। घटना 12 मई की सुबह करीब 3 बजे की बताई गई है। संदेह होने पर वाहन की जांच की गई, जिसमें पीछे डाला में तालपतरी से ढंककर 05 नग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरा हुआ पाया गया। सूचना पर थाना धमधा पुलिस मौके पर पहुंची एवं वाहन चालक तथा उसके साथ मौजूद अन्य व्यक्ति से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मवेशियों को बेरला क्षेत्र से लोड कर लांजी होते हुए नागपुर कत्लखाना ले जाना बताया गया। मामले में धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### कोरोनाकाल से बंद शासकीय बुक डिपो फिर से होगा शुरू



**भिलाई।** कोरोनाकाल से बंद शासकीय बुक डिपो फिर से शुरू होगा। दुर्ग जिले के 265 निजी स्कूलों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। इन स्कूलों को डिपो बंद होने की वजह से रायपुर भनपुरी से छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें उठानी पड़ती थी। शासन द्वारा सीजी बोर्ड से संबंद्ध निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की भांति निःशुल्क पुस्तक वितरण योजना में शामिल किया गया है। निजी स्कूलों को रायपुर जाकर पुस्तकें लाने के लिए स्वयं खर्च भी करना पड़ता था। स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने निजी स्कूलों की दुर्ग डिपो को फिर से शुरू करने की मांग पर सहमति दे दी है। शासन से आदेश भी जारी हो गया है।

### छेड़छाड़ को लेकर उपजे विवाद में युवक की हत्या 9 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** कोतवाली दुर्ग थाना अंतर्गत राजीव नगर स्थित केजू राइस मिल के पास 11 मई की रात करीब साढ़े 10 बजे छेड़छाड़ को लेकर उपजे विवाद में एक युवक की हत्या हो गई। आरोपियों ने लाठी, डंडा, धारदार हथियार, पत्थर एवं ईंट से हमला किया। बुरी तरह घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गया नगर निवासी जितेश उर्फ रितेश ठाकुर उम्र 23 वर्ष बताया गया है। घटना में राहुल ठाकुर, नवीन ठाकुर एवं भोला यादव को गंभीर चोटें आईं हैं। उनका उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने गया नगर निवासी आकाश यादव उर्फ अक्कू 25 वर्ष, मठपारा निवासी विजय सारथी उर्फ बिट्टू 26 वर्ष, गिरधारी नगर निवासी आर्यन गुप्ता उम्र 20 वर्ष, मठपारा निवासी 17 वर्षीय नाबालिग, सारथी पारा निवासी भूपेंद्र सारथी उर्फ बनू 19 वर्ष, उरला निवासी ललित यादव 23 वर्ष, मठपारा निवासी युवराज सारथी 18 वर्ष, मठपारा निवासी बलराम उर्फ बाली 22 वर्ष, नागेश यादव उर्फ नग 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# जिले में 24 हजार से अधिक कृषकों को वितरित किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्ड

## वैज्ञानिक मृदा परीक्षण से किसानों को मिल रही संतुलित उर्वरक उपयोग एवं बेहतर उत्पादन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि विभाग द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने एवं भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में मृदा परीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। कृषि विभाग ने बताया कि मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कृषकों से मृदा नमूने प्राप्त कर उनका वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा रहा है। विश्लेषण उपरांत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी भूमि की गुणवत्ता एवं आवश्यक पोषक तत्वों की सटीक जानकारी मिल रही है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए खेती का वैज्ञानिक मार्गदर्शक बनकर सामने आया है। इसके माध्यम से कृषकों को संतुलित उर्वरक उपयोग, फसलवार पोषक तत्व प्रबंधन तथा उत्पादन लागत कम करने में सहायता मिल रही है। इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है, बल्कि भूमि की उर्वरता एवं गुणवत्ता में भी सुधार देखा जा रहा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के कृषकों को अब तक कुल 8074 मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं। वहीं पिछले तीन वर्षों में जिले के 24074 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। अभियान के तहत कृषि अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधे संपर्क कर उन्नत कृषि तकनीकों के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व एवं उपयोग की जानकारी दे रही है। अभियान के दौरान किसानों को बताया जा रहा है कि नियमित मृदा परीक्षण से भूमि में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी मिलती है, जिससे आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। इससे अनावश्यक उर्वरक खर्च कम होने के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता में भी सुधार होता है।



### वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की अपील

जिले के उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने कृषकों से अपील की है कि वे अपनी भूमि का नियमित मृदा परीक्षण कराकर वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन से भूमि की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहती है तथा खेती अधिक लाभकारी बनती है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना किसानों को वैज्ञानिक खेती की दिशा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है और इससे टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिल रहा है।

## समस्या : पीएमजीएसवाई सड़क की संरचनात्मक विफलता उजागर

# धंसी पुलिया बनी मौत का कुआंः बेरलाकला-गुधेली मार्ग पर तकनीकी लापरवाही से मंडरा रहा बड़े हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजन के तहत निर्मित बेरलाकला-गुधेली सड़क मार्ग इन दिनों गंभीर तकनीकी खामियों और विभागीय उदासीनता का प्रतीक बन गया है। ग्राम गुधेली से बेरलाकला के बीच लगभग चार किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर स्थित एक पुलिया का करीब 10 फीट चौड़ा आरसीसी स्लैब पूरी तरह धँस चुका है, जिससे सड़क के बीचों-बीच गहरा और जानलेवा गड्ढा बन गया है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीण, किसान, छात्र और वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पुलिया की संरचनात्मक मरम्मत करने के बजाय संबंधित पीएमजीएसवाई विभाग ने केवल खानापूर्ति करते हुए गड्ढे में लकड़ी, प्लास्टिक और अस्थायी अवरोध लगाकर बगल से कच्ची सर्विस रोड तैयार कर दी है। तकनीकी दृष्टि से यह समाधान पूरी तरह असुरक्षित और अव्यवहारिक माना जा रहा है, क्योंकि बारिश या भारी वाहनों के दबाव में यह वैकल्पिक मार्ग कभी भी ध्वस्त हो सकता है।

### स्ट्रक्चरल फेल्योर का संकेत दे रही पुलिया

सिविल इंजीनियरिंग के जानकारों के अनुसार किसी पुलिया के स्लैब का इस प्रकार धंस जाना सामान्य टूट-फूट नहीं बल्कि गंभीर "स्ट्रक्चरल फेल्योर" का संकेत है। इसके पीछे कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें सबग्रेड मिट्टी का कमजोर होना,जल निकासी व्यवस्था का फेल होना, ओवर लोड वाहनों का लगातार दबाव,निर्माण गुणवत्ता में कमीसमय पर मेंटेनेंस और निरीक्षण का अभाव ,विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसी पुलिया के बेस सपोर्ट या एबटमेंट कमजोर पड़ जाएं, तो पूरा स्लैब अचानक धँस सकता है और यह दुर्घटना किसी भी समय बड़े वाहन हादसे का कारण बन सकती है।

### 10 फीट चौड़ा स्लैब धंसा; विभाग ने मरम्मत की जगह बनाया अस्थायी कच्चा डायवर्सन



### स्वीकृति के बाद भी काम शुरू नहीं, अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल

विडंबना यह है कि गुधेली से बेरलाकला होते हुए कण्डरका तक सड़क मजबूतीकरण एवं मरम्मत कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति पहले ही जारी हो चुकी है। इसके बावजूद महीनों बाद भी मौके पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अफसर केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत लगातार भयावह होती जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब तीन महीने पहले भी इस जर्जर पुलिया और मरम्मत की आवश्यकता को लेकर समाचार प्रकाशित किया गया था, लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### बरसात से पहले नहीं हुआ सुधार तो कट सकता है संपर्क

तकनीकी जानकारों का कहना है कि यदि मानसून से पहले पुलिया का पुनर्निर्माण या स्थायी मरम्मत नहीं की गई, तो तेज बारिश के दौरान मिट्टी का कटाव और बढ़ सकता है। इससे पूरी सड़क ध्वस्त होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में बेरलाकला, गुधेली और आसपास के गांवों का संपर्क प्रभावित हो सकता है तथा ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से मौके पर निरीक्षण की मांग की

ग्रामीणों ने बेमेतरा कलेक्टर से तत्काल मौके का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासनिक स्तर पर सख्ती नहीं होगी, तब तक जिम्मेदार विभाग केवल अस्थायी इंतजाम कर जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करता रहेगा। लोगों का कहना है कि यह सड़क केवल एक ग्रामीण मार्ग नहीं बल्कि कई गांवों की जीवनरेखा है, जहां प्रतिदिन स्कूल वाहन, एम्बुलेंस, कृषि परिवहन और आम नागरिकों की आवाजाही होती है। ऐसे में पुलिया की यह स्थिति किसी बड़े हादसे की चेतावनी साबित हो सकती है।

# अवैध खनिज परिवहन पर रेत और चूनापत्थर से भरे तीन हाईवा जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। खनिज विभाग की टीम ने रेत एवं चूनापत्थर से भरे तीन हाईवा वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई के बाद खनिज माफियाओं और अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया है।

■ डेढ़ लाख के करीब जुर्माना वसूली की तैयारी

जानकारी के अनुसार 12 मई नवागढ़ क्षेत्र के मारो एवं आसपास के क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेजों के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरे एक हाईवा तथा चूनापत्थर से भरे दो हाईवा वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के बाद सभी जब्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी मारो में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग ने संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक तीनों मामलों में कुल 1 लाख 50 हजार रुपये की अर्थदण्ड राशि वसूली करते हुए प्रशमन की कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर अब लगातार निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन का कहना है कि खनिज संपदा का संरक्षण और शासन के राजस्व की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग में बेमेतरा का जलवा,18 खिलाड़ियों ने जीते 31 पदक

## डीआईजी रामकृष्ण साहू से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कोरबा में 10 से 12 मई 2026 तक आयोजित 13वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता-2026 में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। वॉरक्राई मार्शल आर्ट्स और सेल्फ डिफेंस अकादमी के 18 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए कुल 31 पदकों पर कब्जा जमाया।

खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण, 10 रजत एवं 9 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कठिन मुकाबलों के दौरान अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट तकनीक का परिचय देते हुए शानदार खेल प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से अकादमी सहित पूरे जिले में उत्साह और खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में सफलता के बाद खिलाड़ियों ने पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेंट की। इस दौरान खिलाड़ियों ने उन्हें प्रतियोगिता एवं किकबॉक्सिंग खेल की गतिविधियों से अवगत कराया। डीआईजी साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को नशा एवं अन्य गलत गतिविधियों से दूर रहकर खेल भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं बल्कि मानसिक आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का भी माध्यम है। डीआईजी साहू ने सभी खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अकादमी के निर्देशक एवं हेड कोच सेंसई भानुप्रताप साहू, टीम मैनेजर सत्या राजपूत, विवेक पोल, दीपक मेघवानी, भाग्यश्री पोल, डॉ. रमेश धनगर, शिल्पा राठी, धर्मेंद्र ढींगरा, नम्रता साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### पदक विजेता खिलाड़ी

आनाया शर्मा एवं भावी टंडन ने 2-2 स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी वर्मा ने भी 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भौमिक जंगड़े एवं वसुंधरा शुक्ला ने 1-1 स्वर्ण तथा 1-1 रजत पदक हासिल किया। आस्था वर्मा, वर्तिका कश्यप एवं सिद्धार्थ मोटवानी ने 1-1 स्वर्ण और 1-1 कांस्य पदक जीते। तेजस वर्मा ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। चन्द्रमादित्य तिवारी ने 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक हासिल किया। आरव सिन्हा एवं अंश सिंह बैस ने ▶▶| शेष पेज 11 पर




# सेजेस कुसमी में नवीन प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेजेस कुसमी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विद्यार्थियों के नवीन प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, एसएमडीसी अध्यक्ष संतोष कुमार साव, पार्षद समीर साहू, पार्षद श्रवण कुमार साहू, पार्षद प्रतिनिधि हेमराज साहू, शाला प्राचार्य एस. एस. ठाकुर, संकुल समन्वयक सी. एल. साहू सहित नगर के अनेक गणमान्य ▶▶| शेष पेज 11 पर

# झूठी एफआईआर और पुलिस दबाव से आंदोलन दबाया नहीं जा सकता : प्रांजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




ग्राम झिरिया में हुई गौमाता की हत्या के विरोध में लगातार आंदोलन कर रहे जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके मंत्री जनभावनाओं को दबाने के लिए पुलिस और झूठी एफ आई आर का सहारा ले रहे हैं, लेकिन युवा कांग्रेस न्याय की लड़ाई से पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रांजल तिवारी ने बताया कि उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया, जिसके बाद वे स्वयं अपने साथियों के साथ पैदल थाने पहुंचे और गिरफ्तारी दी। उन्होंने कहा कि यदि गौमाता की हत्या पर जवाब मांगना अपराध है, तो सरकार जितनी एफ आई आर करना चाहे कर ले, वे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता के आक्रोश से घबराई हुई है। एक ओर पुलिस के माध्यम से दबाव बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बढ़ते जनसमर्थन को देखकर सरकार पीछे हटती नजर आती है।

प्रांजल तिवारी ने कहा कि ग्राम झिरिया में हुई घटना पर दोषियों के खिलाफ अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता गौमाता की रक्षा और न्याय की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करते रहेंगे।

## समय सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करें: प्रतिष्ठा ममगाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष दिशा भवन में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों, 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों सहित शासन की प्राथमिकताओं और जनहित के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण में प्राथमिकता तय करने, जनहित के कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक समय पर पूर्ण करने कहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन में पारदर्शिता लाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि शासन की मंशा अनुरूप नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो और उन्हें सकारात्मक लाभ मिले, सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकोंको अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना न करना पड़े , इसे ध्यान में रखकर सभी अधिकारी जवाबदेही पूर्वक गंभीरता से कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने। 'सुशासन तिहार' का मूल मंत्र समय सीमा के भीतर काम को पूर्ण करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा मजबूत हो। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि



जनसामान्य से प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित पंजी में दर्ज करने के साथ ही गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि जनसामान्य की अपनी समस्याओं, मांगो, शिकायतों के निराकरण के लिए दफ्तरों का चक्कर लगाना ना पड़े, सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने गर्मी मौसम को देखते हुए कहा है कि पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि नगरी निकाय क्षेत्रों में जहां कहीं भी पानी की दिक्कत हो वहां नागरिकों को आबाद रूप से जलापूर्ति हो इसके लिए टैंकर से पानी आपूर्ति किया जाए, इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेय जल की आपूर्ति के लिए सजकता से कार्य करने निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा है कि पाइपलाइन लीकेज या हैंडपंप खराब होने की स्थिति में संबंधित विभाग तुरंत सक्रिय होकर उसे ठीक करें।

### खाद एवं बीज वितरण पर रखें पैनी निगरानी

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देशित किया है कि किसानों को प्रयाप्त खाद बीज मिले, कही भी अव्यवस्था निर्मित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व सहित अन्य अधिकारियों को खाद बीज वितरण पर पैनी नजर रखने कहा है। कलेक्टर ने आगामी कृषि सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता की निरंतर मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया है। जमाखोरी पर लगाम लगाएं कलेक्टर ने बैठक में खाद, बीज की अवैध भंडारण या कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### शून्य दुर्घटना के साथ लैडल लाइफ का नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने



इस्पात निर्माण के क्षेत्र में स्टील लैडल लाइफ में नया कीर्तिमान बनाया है। सिलिकॉन किल्ड स्टील में अब तक की सर्वश्रेष्ठ 153 हीट्स की स्टील लैडल लाइफ प्राप्त किया है। इसके पूर्व एसएमएस-3 द्वारा स्थापित 148 हीट्स के रिकॉर्ड था।
यह रिकार्ड रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, एसएमएस-3 विभाग तथा सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड, सेलम (एसआरसीएल) के उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता एवं सामूहिक प्रयासों से बना है ।
रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति एवं प्रभावी एप्लीकेशन में एसआरसीएल की भूमिका महत्वपूर्ण रही। सीजीएम प्रोसेनजीत दास व त्रिभुवन बैठा के नेतृत्व में सेक्शन प्रभारी सहायक मोहम्मद साबिर, एजीएम जेआर मारकंडे व उप प्रबंधक हर्ष वर्धन सिंह, जीएम हिमांशु भूषण मलिक, डीजीएम मोहम्मद जावेद अंसारी की टीम का योगदान रहा।153 हीट्स की यह रिकॉर्ड लैडल लाइफ सभी संबंधित टीमों के अथक परिश्रम, सतत मॉनिटरिंग, यह उपलब्धि शून्य दुर्घटना के साथ हासिल की गई।

### गार्डन की जमीन पर कब्जा कार्रवाई के निर्देश

**दुर्ग।** जयंती नगर वार्ड-16 स्थित मिनी गार्डन हेतु घोषित रिक्त भूमि पर मनोज गुप्ता एवं उषा गुप्ता द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने की शिकायत पर महापौर अल्का बाघमार ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिकायत मिलते ही महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार, एमआईसी मेंबर देव नारायण चन्द्राकर, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी एवं उप अभियंता पंकज साहू उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने बताया कि संबंधित स्थल पर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है, जिससे मिनी गार्डन निर्माण की योजना प्रभावित हो रही है तथा क्षेत्र के नागरिकों को सार्वजनिक सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। मेयर ने कहा कि कार्रवाई कर स्थल को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी सविता वर्मा, किरण सुखदेवे, मनीष अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, श्यामा अग्रवाल, रेखा वैष्णव, धर्मपाल वर्मा, माधुरी वर्मा, चेतन दास साहू, कुमुद साहू आदि मौजूद थे।

# 21 हजार उपभोक्ताओं ने पीएम बिजली बिल भुगतान योजना का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरुप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 8 मई तक कुल 21543 सक्रिय उपभोक्ताओं द्वारा 1 करोड़ 89 लाख 56 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा की जा चुकी है। आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2023 की स्थिति में कुल 30666 सक्रिय उपभोक्ता समाधान योजना के तहत पात्र चिन्हित किए गए हैं, जिन पर 16 करोड़ 97 हजार 546 रुपए बकाया राशि है।
सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल ने बताया कि अब तक दुर्ग क्षेत्र के 30458 निष्क्रिय उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेते हुए 36 लाख 33 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा कर दी है। उल्लेखनीय है कि इन उपभोक्ताओं पर 18 करोड़ 03 लाख 69 हजार रुपए बकाया था, जिसमें से शेष राशि को पात्रता अनुसार माफ कर दिया गया है। विभाग द्वारा बकायादारों से लगातार अपील की जा रही है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने पुराने बिजली बिलों के बोझ से मुक्त हों। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत 31 मार्च 2023 से पहले के बकाया बिलों पर बड़ी राहत दी जा रही है, जिसमें निष्क्रिय बीपीएल को को मूल राशि पर 75% और निष्क्रिय घरेलू/कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50% तक और अधिभार (सरचार्ज) पर 100% की छूट मिलेगी। सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए 5 वर्ष से अधिक एवं 05 वर्ष से कम अवधि के बकाया पर मूल राशि पर क्रमशः 75% एवं 50% और अधिभार में 100% छूट के साथ-साथ सक्रिय अशासकीय घरेलू/कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10% और तीन किस्तों में भुगतान पर 05% की अतिरिक्त छूट का प्रावधान के साथ 06 किस्तों में भी भुगतान की सुविधा एवं तीनों स्थितियों में अधिभार पर 100% छूट का प्रावधान है।

## 21543 उपभोक्ताओं ने जमा किए 1 करोड़ 89 लाख रुपए

### बीपीएल उपभोक्ताओं को नहीं करना होगा अग्रिम भुगतान

इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय केवल कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को मोर बिजली ऐप या बिजली कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा, जिसके लिए पूर्व में कुल बकाया का न्यूनतम 10% भुगतान करना अनिवार्य था, जिसे संशोधित करते हुए अब 05% कर दिया गया है। साथ ही किस्तों में भुगतान करने पर भविष्य में कोई नया अधिभार नहीं जोड़ा जाएगा। पंजीयन के समय सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं को कोई अग्रिम राशि भुगतान नहीं करना होगा।




### जोड़ी गई नई सुविधाएं

इस योजना के तहत नई सुविधाएं जोड़ते हुए 31 मार्च 2023 के बाद निष्क्रिय हुए उपभोक्ताओं को सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित श्रेणी के अनुसार बिना पंजीयन छूट का लाभ दिया जाएगा, साथ ही वे निर्धारित औपचारिकताएं पूरी कर पुनः सक्रिय होकर भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए छूट की गणना 31 मार्च 2023 तक की मूल बकाया राशि पर की जाएगी, जिसके अंतर्गत उक्त तिथि तक का पूरा बकाया सरचार्ज और उसके बाद का संपूर्ण सरचार्ज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा।

## चुनाव पूर्व वेतन समझौता को पूर्ण करने यूनियनों की मांग

# बीएसपी में मान्यता यूनियन का चुनाव नहीं होने का खामियजा भुगत रहे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में दो साल पूर्व मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पिछला यूनियन चुनाव भारतीय मजदूर संघ बीएमएस ने जीता था। इसके बाद यूनियनों की पुरजोर मांग के बाद भी अब तक सहायक श्रमायुक्त केद्रीय और बीएसपी प्रबंधन चुनाव संपादित कराने को लेकर उदासीन बना हुआ है। यूनियनों के मुताबिक आईडी एक्ट के तहतमान्यता यूनियन का चुनाव हर दो साल में कराए जाने का नियम है। कार्यकाल दो वर्ष का होता है। लेकिन मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अब तक चुनाव नही होने से कर्मियों को कई तरह की समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है।

चुनाव को लेकर सीएलसी,प्रबंधन और यूनियन दोनों स्तर पर सुस्ती बनी हुई है। आईडी एक्ट के तहत चुनाव के लिए सभी प्रतिभागी यूनियनों श्रमायुक्त कार्यालय में अपनी सदस्यता,पंजीयन आदि दस्तावेज प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए चुनाव अधिकारी बकायदा नोटिस जारी करते हैं। लेकिन अब तक मात्र दो यूनियनों ने ही अपने दस्तावेज जमा किए है। सालभर पूर्व श्रमायुक्त व प्रबंधन ने प्रक्रिया के नाम पर मात्र एक बैठक बुलाई थी। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया थमी हुई है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक प्रमुख यूनियने चाहती हैं कि चुनाव के पहले सेल कर्मचारियों का पांच साल से लंबित वेतन समझौता को पूर्ण कर 39 महीने के एरियर्स व भत्तों आदि का भुगतान किया जाए।

चुनाव होने पर यूनियनों के चुनाव मैदान मे लड़ने से आपस मे टकराव से यूनियनों की एकता कमजोर हो जाएगी। प्रबंधन वेतन समझौता को पूर्ण करने से बचाने के लिए यही चाहता है। यही कारण है कि अधिकतर एनजेसीएस यूनियनें चुनाव को लेकर उदासीन बनी हुई हैं। वहीं प्रबंधन भी चुनाव नहीं होने से मौजूदा हालातों में खुद को सहज महसूस कर रहा है। लेकिन मान्यता यूनियन नहीं होने से कर्मचारी अपनी प्लांट व टाउनशिप स्तर की समस्याओं को लेकर परेशान हैं।

## दो साल पूर्व समाप्त हो चुका है मान्यता कार्यकाल

भिलाई इस्पात संयंत्र में अब तक मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने का खामियाजा हजारों कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। मान्यता यूनियन नहीं होने के कारण कर्मियों की कई समस्याएं अटकी पड़ी हैं। निदान के लिए श्रमिक संगठन प्रबंधन पर अपेक्षित दबाव नहीं बना पा रहे हैं।



### दर्जनभर यूनियनें लड़ती हैं चुनाव

बीएसपी मे वर्तमान में दर्जनभर यूनियनें चुनाव की प्रतिभागी हैं। इनमें इंटक, सीटू, एटक, बीएमएस, एचएमएस सहित एक्टू, बीडब्ल्यू, लोइमू, भिलाई इस्पात श्रमिक मंच,स्टील वर्कर्स यूनियन, बीएकेएस, भिलाई कर्मचारी संघ शामिल हैं। आईडीएक्ट के तहत अब तक 4 मर्तबा चुनाव हो चुके हैं। सबसे पहली बार 2011-12 में हुई मान्यता यूनियन चुनाव में सीटू जीता था। इसके बाद फिर सीटू ने सर्वाधिक सदस्यता साबित की थी। बाद इंटक विजयी रही। पिछला चुनाव बीएमएस ने जीता था। इसके बाद कार्यकाल खत्म होने के दो साल बाद भी यूनियन चुनाव अब तक नहीं हुआ है। आईडी एक्ट के तहत चुनाव होने के पूर्व 50 साल से अधिक समय तक प्रसिद्ध श्रमिक नेता व विधायक स्वर्गीय रवि आर्य की इंटक यूनियन का वर्चस्व था। इस दौरान लोकल एग्रीमेंट जैसे समझौता से कर्मियों की मांगें सुलझती थीं।

### टाउनशिप व प्लांट की समस्याएं अटकीं

बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव लंबित होने से बीएसपी कर्मचारियों और कर्मचारी संगठनों दोनों को परेशानी हो रही है। कर्मियों की लोकल प्रबंधन स्तर की ठेरों समस्याएं जस की तस बनी हुई है। इनमें टाउनशिप में आवासीय, चिकित्सा, वेलफेयर आदि के बुनियादी समस्याओं के अलावा संयंत्र के अंदर कैंटीन, रेस्टरुम, सड़क कूलर आदि कई तरह की समस्याएं हैं । मांगों को लेकर प्रमुख यूनियनें प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा करती हैं जिनमें कुछ को छोड़कर सिर्फ आश्वासन मिलता है। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन के लिए सर्वाधिक सदस्यता की लोकतांत्रिक वाली यूनियन नहीं होने से सुविधाजनक स्थिति है। फिर वर्तमान में मेनपावर कम होने, कुछ यूनियन नेताओं के रिटायर होने और यूनियनों की ताकत कमजोर पड़ने आदि कारणों से भी चुनाव को लेकर चौतरफा सुस्ती बनी हुई है।

# भिलाई कमिश्नर को हटाने की मांग लेकर हाईकोर्ट पहुंचे 32 पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम के कमिश्नर राजीव पाण्डेय को भिलाई निगम आयुक्त के पद से हटाने की मांग को लेकर निगम के 32 कांग्रेसी पार्षदों ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई है। निगम के एमआईसी मेंबर व पार्षद संदीप निरंकारी सहित 32 निर्वाचित शहर सरकार के पार्षदों ने एक रिट याचिका दायर की है। उनकी तरफ से यह याचिका अधिवक्ता मनहरण लाल साहू ने दायर की है। यह याचिका नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 54 के तहत पारित उस प्रस्ताव को लागू न करने के खिलाफ है, जिसमें दो-तिहाई बहुमत से कमिश्नर को हटाने का निर्णय लिया गया था। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि राज्य शासन और कलेक्टर को बार-बार सूचना देने के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका के अनुसार कमिश्नर पर वित्तीय और प्रशासनिक स्तर पर भारी अनियमितताओं के आरोप हैं। इनमें बिना अधिकार के वित्तीय लेन-देन, अवैध मंजूरियां, सार्वजनिक धन का दुरुपयोग और निर्वाचित सदन द्वारा पारित प्रस्तावों की बार-बार अवहेलना करना शामिल है। महापौर ने 12 मार्च 2026 को ही मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इन गड़बड़ियों की शिकायत की थी। इसके बाद 25 मार्च 2026 को बजट सत्र के दौरान दो तिहाई पार्षदों ने एकजुट होकर कमिश्नर को पद से हटाने का प्रस्ताव पारित किया था।



■ निगम अधिनियम के तहत कमिश्नर हटाने की मांग

### 14 को बैंकिंग प्रताड़ना एवं आर्थिक अन्याय के खिलाफ जन अधिकार आंदोलन

**दुर्ग।** देशभर में बैंकिंग व्यवस्था से उत्पन्न समस्याओं, कथित आर्थिक प्रताड़ना एवं आम नागरिकों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में 14 मई को दोपहर 12 बजे से जन अधिकार आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नागरिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है। भारतीय मुद्रा प्रणाली एवं सेंन्ट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को लेकर भी पारदर्शिता की मांग रखी जाएगी। आंदोलनकारियों का कहना है कि वर्तमान में 38 लाख करोड़ रुपये की मुद्रा प्रचलन में है, जबकि केवल सरकारी बैंकों द्वारा ही लगभग 107 लाख करोड़ रूपये से अधिक का ऋण वितरित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त निजी बैंक एवं विभिन्न वित्तीय कंपनियों द्वारा भी मुद्रा उपलब्धता की तुलना में कई गुना अधिक ऋण वितरित किया गया है। दोपहर 12 से 1.30 बजे पर्जाकरण, दोपहर 2.30 बजे से 4 बजे बैंकों द्वारा किए गए कथित षड़यंत्र उनकी ऐतिहासिक पुष्ठभूमि एवं वर्तमान समय में आम जनता पर उसके प्रभावों से संबंधित जानकारी और वक्ताओं का संबोधन होगा। शाम 4 से 4:30 बजे धरना स्थल से नारेबाजी एवं पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार शिविर का किया निरीक्षण, सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मंगल भवन भिलाई-3 चरोदा अंतर्गत सुशासन तिहार शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने एचपीव्ही वैक्सीन लगाने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 आई हितग्राहियों को ई-सर्टिफिकेट वैक्सीनेशन अपने हाथों से दिया। बालिकाओं से कहा कि अपने सहेलियों और कक्षा में साथ पढ़ने वाले छात्रों को भी इस वैक्सीन की जानकारी दे ताकि 14 साल पूरी कर चुकी लड़कियों को एचपीव्ही वैक्सीन लगाने में सहयोग मिले।

उन्होंने सभी उपस्थित अन्य हितग्राहियों और विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी एचपीव्ही वैक्सीन के संदर्भ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने अपील किया। स्वास्थ्य शिविर में 27 नये लोगों का आभा आईडी भी बनाया गया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, वार्ड पार्षद फिरोज फारूखी, प्रेमलता चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश सिंह राजपूत, आयुक्त नगर निगम चरोदा डीएस राजपूत, स्वास्थ्य विभाग से बीईटीओ सैय्यद असलम, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, एलएचव्ही आर विश्वास, सीपीएम विवेक मिंज, फार्मासिस्ट तृप्ति चंद्राकर, निवेश प्रधान, भूपेंद्र सिन्हा, उषा वर्मा, पी स्वामी, हेमलता निर्मलकर, थानेशवरी साहू, हिमांशु सूर्यवंशी, नेतराम साहू, पारूल देशमुख उपस्थित थे।



# सेक्टर 6 में अनफिट ब्लाकों से हटाए गए 37 अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा टाउनशिप व मार्केट से अवैध कब्जे हटाए गए। बेदखली अभियान के तहत सेक्टर 6 के 4 अनफिट ब्लॉकों से 37 कब्जेधारियों को बेदखल किया गया। विभाग द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा 12 आवासों से भी अवैध कब्जेधारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। मार्केट क्षेत्रों में अवैध रूप से व्यवसाय संचालित कर रहे कब्जेधारियों के हजार वर्गफीट क्षेत्र से अवैध स्ट्रक्चर हटाए गए । सामानों को विभाग की अभिरक्षा में लिया गया। नेवई क्षेत्र में भी 10 हजार वर्गफीट जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। एन्फोर्समेंट विभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों को चेताया गया है कि बीएसपी क्वार्टरों के कब्जे हटा लें और मुख्य चौक एवं प्रमुख मार्गों पर लगाए गए अवैध होर्डिंग्स एवं स्ट्रक्चर भी हटाए जाएंगे। कार्रवाई के दौरान विभाग के मुकुंद दास मानिकपुरी, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान, संपदा निरीक्षक राममूर्ति, रमाकांत यादव, भगवान, बलराम शुक्ला, कुद्दुद्दीन कुरैशी, ज्ञानचंद जैन आदि उपस्थित थे।

■ नेवई क्षेत्र में 10 हजार वर्गफीट जमीन कराया मुक्त

# प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को औकात दिखाने की बात लोकतांत्रित मर्यादा का उल्लंघन, माफी मांगे देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भाजपा युवा नेता मनीष पाण्डेय ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री आवास का घेराव करते हुए देवेंद्र यादव छात्रसंघ चुनाव की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की औकात दिखाने की बात कही, जो न केवल असंवेदनशील है बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं का भी उल्लंघन है।

■ भाजपा नेता का भिलाई नगर विधायक पर तीखा हमला



मनीष पाण्डेय ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस की सरकार पांच वर्षों तक छत्तीसगढ़ में रही और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे, तब देवेंद्र यादव ने कभी छात्रसंघ चुनाव की मांग क्यों नहीं उठाई? चुनाव आते ही युवाओं के मुद्दों को हवा देना और मंच पर भाषण देकर खुद को जननेता साबित करना, यह केवल अवसरवादी राजनीति है। उन्होंने कहा कि देवेंद्र यादव ने अपने भाषण में जंगलों की कटाई और हसदेव के मुद्दे पर भी भाजपा को घेरने की कोशिश की। जबकि हकीकत यह है कि हसदेव क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का प्रस्ताव कांग्रेस सरकार के समय ही आया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं कहा था कि अगर पेड़ नहीं काटे जाएंगे तो सब अपनी बिजली छोड़ दें। ऐसे में आज भाजपा पर आरोप लगाना और प्रधानमंत्री-गृहमंत्री को औकात दिखाने की बात करना जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

मनीष पाण्डेय ने कहा कि देश के 22 राज्यों में भाजपा और एनडीए की सरकारें हैं। ऐसे में औकात की बात अगर करनी है तो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी से पूछिए कि क्यों कांग्रेस आज देशभर में सिमटती जा रही है। उन्होंने कहा देवेंद्र यादव की व्यवहारिकता केवल भाषणों और पोस्टरों तक सीमित है।

## निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर की समीक्षा

# पांच जोनों में संयुक्त टीम मैदानी क्षेत्रों की कार्ययोजना के हिसाब से करेगी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम (एस.डब्लू.एम नियम 2026) अंतर्गत नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण, परिवहन एवं निपटान चार श्रेणियों में अनिवार्य रूप से किया जाना है। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार कक्ष में स्वच्छता को लेकर समीक्षा बैठक ली।

■ स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता अभियान भी

बैठक में आयुक्त के आदेशानुसार मुख्य कार्यालय एवं पांच जोन के स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम अपने-अपने मैदानी क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर कार्य करेगें। साथ ही नागरिको में स्वच्छता को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन जागरूकता लाने अभियान एवं मुनादी भी कराये जाने निर्देशित किया गया है। जिससे भिलाई को सुन्दर एवं स्वच्छ वातावरण बनाया जा सके।



### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को प्राथमिकता

निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के आधार पर कार्य को प्राथमिकता देने कहा गया है। जैसे- गीला अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, सैनिटरी अपशिष्ट, विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट को समय पर किया जाना है। बल्क वेस्ट जेनरेटर, समय-सीमा का निर्धारण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपलब्ध अधोसंरचना का अंकेक्षण, लीगेसी वेस्ट डंपसाइट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, ठोस अपशिष्ट संग्रहण हेतु क्रय किये जा रहे कार्यों को प्राथमिकता देने कहा है। नवीन वाहनों एवं पूर्व से कार्यरत वाहनों में चार-कक्षीय संग्रहण, जन जागरूकता, आनलाइन शिकायत, शिक्षण संस्थाओं की सहभागिता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का क्रियान्वयन नहीं होने की स्थिति में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

### नागरिकों की भी सहयोग की जरूरत

निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में सभी नागरिकों से अपील की हैं, सभी नागरिक अपनी घरों से निकलने वाले कचरा को पृथक करके महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को दें जिससे एस एल आर एम सेंटर के कार्यों को आसान किया जा सके और होने वाले व्यय में कमी की जा सके । साथी आसपास एवं रोड के स्वच्छता को बेहतर किया जा सकेगा । स्कूल, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में सामुदायिक शौचालय का उपयोग पश्चात अन्य व्यक्ति हेतु साफ सुथरा वातावरण रखने हेतु आम नागरिकों से अनुरोध किया । बैठक में मुख्य रूप से जोन आयुक्त ऐशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाए स्वास्थ्य अधिकारी गुप्ता जी, सर्व जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेशभर में दुर्ग सबसे ज्यादा तपा सीजन में पहली बार पारा 42 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भीषण गर्मी के इस सीजन में पहली बार पारा 42 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया। मंगलवार को दुर्ग का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान रहा है। एक दिन पहले ही पारा 39.6 डिग्री सेल्सियस था। यानी एक ही दिन में तापमान 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और भी बढ़ने की संभावना व्यक्त की है।

**उमसभरी गर्मी से लोग हलाकान** : पारा अचानक बढ़ने की वजह से भीषण गर्मी का सामना ट्विनसिटी के लोगों को करना पड़ा। पूरे दिन लोग उमसभरी गर्मी होने की वजह से हलाकान रहे। पिछले पांच दिनों से मौसम में परिवर्तन चल रहा है। हर दिन शाम को अंधड़, बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो रही है। शाम को आसमान पर काले बादल छाए रहते हैं। सुबह से दोपहर तक तेज धूप से लोग परेशान होते हैं। मौजूदाहालात की वजह से वातावरण में उमसभरी गर्मी हो रही है। हाल यह है कि एसी-कूलर ने ठंडी हवाएं देना बंद कर दिया है।



## खबर संक्षेप

### श्रीराम कथा के आयोजन में उमड़ रहे श्रद्धालु

**राजनांदगांव।** श्री कमलादेवी महिला मंडल द्वारा श्री सेवा समिति के विशेष सहयोग से संगीतमय रामकथा का आयोजन 10 से 17 मई तक किया जा रहा है। शहर के अंबेडकर चौक के समीप सहदेव नगर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में व्यासपीठ से भागवताचार्य पं. मनोज पुष्प महाराज अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कर रहे हैं। संगीतमय कथा के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं। दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आयोजित श्रीराम कथा भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन, मानस महात्म से कथा आरंभ किया गया। सोमवार को सति चरित्र, शिव पार्वती विवाह, मंगलवार को राम जन्मोत्सव बाललीला की कथा हुई। वहीं बुधवार को अहिल्या उद्धार एवं श्री सीता राम विवाह महोत्सव, 14 मई को वन गमन, केवट प्रसंग भरत चरित्र, 15 मई को जटायु प्रसंग, सबरी की नवधा भक्ति, 16 मई को सुधीव मित्रता, लंका दहन चठौंत्री, शोभायात्रा और कथा के अंतिम दिन 17 मई को श्रीराम राज्य अभिषेक, कथा विश्राम, तुलसी वर्षा हवन होगा।

### सोनेसरार स्कूल में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोनेसरार में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। यहां कक्षा दसवीं में शत-प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी में 25 और द्वितीय श्रेणी में 18 विद्यार्थी रहे। नीतिका साहू ने 84.6 प्रतिशत, देवव्रत साहू ने 81 प्रतिशत और हिना निषाद ने 79 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं कला संकाय में टोमेश्वरी ने 78.4 प्रतिशत, गरिमा साहू ने 77.6 प्रतिशत, कॉमर्स में जयकांत 71 प्रतिशत, पायल यादव 78.6 प्रतिशत, राहुल साहू 65.4 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में काजल मांडवी 82.6 प्रतिशत, पुरुषोत्तम 81.6 प्रतिशत, लेबनी ने 79.6 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

### नीट परीक्षा रद्द होना विद्यार्थियों के साथ अन्याय : राहुल

**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता राहुल देवांगन ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द होने को लेकर केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा जैसे संवेदनशील मामले में पेपर लीक की घटनाएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। श्री देवांगन ने जारी बयान में कहा कि तीन मई को आयोजित नीट परीक्षा पर पेपर लीक के आरोप लगना और बाद में परीक्षा रद्द होना बेहद चिंताजनक है। विद्यार्थियों ने वर्षों की मेहनत और तैयारी के बाद परीक्षा दी थी, लेकिन सरकार की लापरवाही और व्यवस्था की विफलता के कारण उनके सपनों पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा कि बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आना, यह साबित करता है कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह असुरक्षित और अव्यवस्थित हो चुकी है। ऐसे मामलों में केवल जांच की घोषणा पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित मंत्री की जवाबदेही तय करते तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए।

## सीबीएसई : 36 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल का शानदार रहा बोर्ड रिजल्ट 98.4 प्रतिशत के साथ दक्ष भूतड़ा बने टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के 10वें बोर्ड बैच ने उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उल्लेखनीय अंक अर्जित करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। कॉमर्स संकाय के छात्र दक्ष भूतड़ा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।



उन्होंने अंग्रेजी में 96, अकाउंटेंसी में 100, अर्थशास्त्र में 97, बिजनेस स्टडी में 99, मार्केटिंग में 97 तथा एप्लाइड मैथ्स में 97 अंक अर्जित किए। दक्ष विद्यालय के बोर्डिंग छात्र हैं और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, बोर्डिंग स्टाफ एवं प्रबंधन को दिया। उन्होंने भविष्य में सीए बनकर बिजनेस क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा जताई। विद्यालय की द्वितीय टॉपर आराध्या अग्रवाल रहीं, जिन्होंने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं अनिक वर्मा और तारिणी वर्मा ने 96.2-96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। अनिक वर्मा ने अर्थशास्त्र में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि तारिणी वर्मा ने अकाउंटेंसी में 100 अंक प्राप्त किए।



विद्यालय के कुल 36 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 77 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इनमें 09 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 13 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज कराई।

अकाउंटेंसी में दक्ष भूतड़ा एवं तारिणी वर्मा, अर्थशास्त्र में अनिक वर्मा, इंटरप्रेन्योरशिप में नैना बाघरेचा, इन्फॉर्मेशन प्रैक्टिस में आस्था अग्रवाल एवं शौर्य सुयंत साहू, हिंदुस्तानी म्यूजिक में रौनक कुमार गुप्ता एवं तनिष कौर खुराना, पेंटिंग में अदिति अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल और प्रियांश सिन्हा तथा योगा विषय में सजल अग्रवाल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में अहमद खान ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि ह्यूमैनिटीज संकाय में वर्षा बहेरा 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर रहीं।

**छात्रावास के विद्यार्थियों ने भी बढ़ाया मान:** विद्यालय प्रबंधन के अनुसार छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। बालक छात्रावास के दक्ष भूतड़ा एवं बालिका छात्रावास की आराध्या अग्रवाल ने विद्यालय में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर छात्रावास व्यवस्था की गुणवत्ता को प्रमाणित किया। इसके अलावा वर्षा बहेरा एवं शौर्या अग्रवाल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्रावास का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 233 विद्यार्थी इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें जीव-विज्ञान समूह के 66, गणित समूह के 33, कॉमर्स के 110 तथा ह्यूमैनिटीज समूह के 24 विद्यार्थी शामिल थे।

### विद्यार्थियों ने बताया सफलता का मंत्र

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के सकारात्मक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति को दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि विद्यालय ने उन्हें अध्ययन के साथ व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने का बेहतर अवसर प्रदान किया, जिससे वे उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर सके।

**प्राचार्य और संचालिका ने दी शुभकामनाएँ:** विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएँ एवं संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम बेहतर करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिला कांग्रेस सचिव ध्रुव ने किया रक्तदान, युवाओं को दिया मानव सेवा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ देवकर में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, कहा रक्तदान सबसे बड़ा महादान

नगर पंचायत देवकर में बुधवार को आशा कार्यकर्ता एवं मितानिनों के सहयोग से एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इसी क्रम में जिला युवा कांग्रेस के सचिव एवं ग्राम अकलवारा निवासी ध्रुव साहू ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई और युवाओं को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया।

रक्तदान के बाद ध्रुव साहू ने कहा कि "रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है और रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।" उन्होंने कहा कि मानव शरीर में रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए दुर्घटना, ऑपरेशन, प्रसव, कैंसर और थैलेसीमिया जैसी परिस्थितियों में रक्तदान ही मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित होता है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में रक्तदान को "महादान" की संज्ञा दी गई है, क्योंकि यह निस्वार्थ भाव से किसी अज्ञात व्यक्ति के जीवन को बचाने का माध्यम बनता है। ध्रुव साहू ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि यदि हर स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान करे, तो देश में रक्त की कमी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि हर दो सेकंड में किसी न किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, जबकि भारत में प्रतिवर्ष रक्त की मांग के मुकाबले पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान ही इस कमी को दूर करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। शिविर में उपस्थित लोगों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया।

# बेमेतरा कबड्डी प्रीमियर लीग का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




जिले के ग्राम घुरसेना में 10 मई से 12 मई 2026 तक बेमेतरा कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया लघु केंद्र भिम्भौरी एवं जनता हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र गजेंद्र यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेहतरीन रेडिंग और मजबूत डिफेंस के आधार पर उन्हें प्रतियोगिता का "मैन ऑफ द सीरीज" चुना गया तथा पुरस्कार स्वरूप रेंजर सायकल प्रदान की गई। समापन अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर आयोजन की सराहना की। जिला खेल अधिकारी पिंकी मनहर तथा सहायक जिला खेल अधिकारी उपेन्द्र सेंगर ने आयोजन की सफलता पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

■ खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने खिलाड़ियों से मिलकर पुरस्कार वितरित किये

एम.पी. क्लब घुरसेना द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय निर्णायक नारायण यादव सहित राज्य स्तरीय निर्णायक अंकित निर्मलकर, भानु यादव, उमेश साहू, सोनू साहू, जे.आर. रजक, धनेन्द्र, मुकेश्वर, रुपेश यादव एवं केदार वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बेमेतरा में शतरंज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

चेज ब्लिट्ज ऑर्गनाइजेशन बेमेतरा द्वारा आयोजित "शतरंज प्रतियोगिता 2026" का सफल आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

■ युवाओं को रणनीतिक सोच और बड़े मंच से जोड़ने की पहल, पारस मणि निषाद बने विजेता




प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रणनीतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को शतरंज जैसे बौद्धिक खेल से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना रहा। आयोजक मधु पटेल ने बताया कि छोटे शहरों में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उचित मंच और मार्गदर्शन के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते। इसी सोच के साथ इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, ताकि युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर, प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण और सही दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं बल्कि धैर्य, रणनीति, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन रणनीतिक चालों और संयमित खेल का प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारस मणि निषाद ने हासिल किया। उन्होंने शानदार खेल और बेहतरीन रणनीति के दम पर प्रतियोगिता में अपनी अलग पहचान बनाई।

इस आयोजन को सफल बनाने में "प्रेरणा लायनेस क्लब" का विशेष सहयोग रहा। क्लब द्वारा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रथम विजेता पुरस्कार भी प्रदान किया गया। आयोजकों ने सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों के सहयोग से ही प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य संभव हो पाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अवधेश पटेल (डायरेक्टर एवं प्राचार्य, समाधान कॉलेज बेमेतरा), हरजीत खनुजा (पूर्व अध्यक्ष, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी बेमेतरा), वीणा त्रिपाठी (प्राचार्य, पीजी कॉलेज) तथा दीपक हिरानी (कोषाध्यक्ष, सिंधी समाज) उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शतरंज जैसे खेल युवाओं में मानसिक विकास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

आयोजक मधु पटेल एवं उनकी टीम ने जानकारी दी कि शतरंज प्रतियोगिता 2026 का अगला आयोजन भी जल्द किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिल सके।

# मानक अनुरूप नहीं मिलने पर तुड़वाया गया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों को तय मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराने के निर्देश तथा पण्डरिया विधायक भावना बोहरा की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में नगर पंचायत पाण्डातराई में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के उप अभियंता ने अध्यक्ष श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी, उपाध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर एवं लोक निर्माण सभापति रामू पाण्डेय की उपस्थिति में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 01 में कार्यालय के पास निर्माणाधीन शेड निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पाण्डातराई के निर्देशानुसार संबंधित निर्माण कार्य को तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता से तुड़वाया गया। इसके बाद पुनः ले-आउट देकर निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य कराने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए गए।

■ नगर पंचायत पाण्डातराई में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

निरीक्षण दल ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य ठेकेदारों को भी शासन द्वारा तय मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत प्रशासन ने कहा कि आम जनता की सुविधा एवं शासकीय राशि के सदुपयोग को ध्यान में रखते हुए सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा दोषपूर्ण कार्य पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

# ग्राम कोदवागोडान में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोले जाने की मांग

■ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से किया गया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान



वनांचल के किसानों की समस्याओं को देखते हुए जनपद पंचायत पंडरिया की सभापति श्रीमती मनीषा धुर्वे ने कोदवागोडान में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नई शाखा खोलने की पुरजोर मांग की है।

इस संबंध में उन्होंने क्षेत्र की सक्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से आग्रह किया है कि वे कृषकों के हित में इस दिशा में पहल करें। सभापति श्रीमती मनीषा धुर्वे ने बताया कि कोदवागोडान, सरईसेत, चतरी और छीरपानी को मिलाकर इन चार सेवा सहकारी समितियों के बीच वर्तमान में जिला सहकारी बैंक की एक भी शाखा उपलब्ध नहीं है। इन समितियों के अंतर्गत लगभग 4500 खाताधारक किसान आते हैं, जिन्हें अपने बैंकिंग कार्यों और लेन-देन के लिए 25 से 30 किलोमीटर दूर कुकदुर शाखा जाना पड़ता है।

इतनी लंबी दूरी तय करने में किसानों का न केवल समय बर्बाद होता है, बल्कि उन्हें आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

### ग्राम कोदवागोडान है उपयुक्त केन्द्र

विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि कोदवागोडान इन सभी समितियों का केंद्रीय ग्राम है और शेष तीन नवगठित समितियों की मातृ संस्था भी रही है। भौगोलिक दृष्टि से यहाँ बैंक शाखा खुलना पूरे अंचल के लिए वरदान साबित होगा। श्रीमती धुर्वे ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा की प्रशंसा करते हुए कहा, विधायक बनने से पूर्व ही भावना दीदी का इस आदिवासी अंचल से गहरा जुड़ाव रहा है। और वे यहां की जनसमस्याओं को संवेदनशीलता से समझती हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनकी एक सार्थक पहल से कोदवागोडान में बैंक शाखा खुलने का मार्ग प्रशस्त होगा और हजारों किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। अंचल के किसानों ने भी सभापति की इस मांग का समर्थन करते हुए विधायक से इस जनहितकारी कार्य को प्राथमिकता देने की अपील की है।

# महतारी वंदन ई-केवाईसी में अनियमितता पर कार्रवाई, जिले में 6 सीएससी आईडी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी कार्य तेजी से जारी है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी विभागीय सीएससी वीएलई को पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालयों में निर्धारित समयावधि के दौरान उपस्थित रहकर हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी हितग्राहियों को केंद्र तक लाने और प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को पंचायतों में समय-समय पर निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होने पर जांच उपरांत जिले के 6 सीएससी वीएलई आईडी निष्क्रिय की गई हैं।

जिसके तहत बोड़ला में 1, कवर्धा में 4 और पंडरिया में 1 सहित कुल 6 सीएससी आईडी शामिल हैं। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महतारी वंदन योजना के ई केवायसी में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी और संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन हितग्राहियों के आधार विवरण में त्रुटियां पाई गई हैं, उनका सुधार परियोजना कार्यालय द्वारा 2 से 3 दिवस के भीतर कराया जा रहा है, जिसके बाद पुनः ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

## पेज 9 का शेष

### सेजेस कुसमी में ...

नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों की उपस्थिति में कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों की सुविधा एवं व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिससे अभिभावकों में संतोष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### पदक विजेता ...

2-2 रजत पदक जीते। भारीकांश बांधे, राजवीर वर्मा एवं रूद्र चौहान ने 1-1 रजत पदक प्राप्त किया। सर्वेश पोल एवं आरुषि बंजारे ने 2-2 कांस्य पदक हासिल किए, जबकि भाग्यश्री वैष्णव ने 1 कांस्य पदक अपने नाम किया।

### पेंशनर फोरम में तीन संभागीय अध्यक्षों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** विभिन्न पेंशनर संघों द्वारा गठित छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम और एक मांग एक मंच अभियान की संयुक्त बैठक पेंशनर फोरम के प्रांतीय संरक्षक जयनारायण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यालय राजधानी में रखी गई। बैठक में अनेक निर्णय लिए गए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### आचार संहिता के चलते रेवे में प्रस्तावित समाधान शिविर स्थगित

**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत रेवे में 15 मई समाधान शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित था।लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत 08 मई 2026 के अनुसार जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07, जिसमें ग्राम पंचायत रेवे, पतोरा, सिलघट (प.) एवं भरचट्टी शामिल हैं, में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत रेवे में 15 मई को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में आंशिक संशोधन किया गया है। अब उक्त समाधान शिविर का आयोजन आगामी प्रस्तावित तिथि 10 जून 2026 को किया जाएगा।

### दो चोरियों के मास्टर माइंड सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई दो चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया है। 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके अलावा एक अन्य नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। चोरी की घटनाओं का सरगना जवाहर नगर भिलाई निवासी अर्जुन सिंह उर्फ गोरखा उर्फ सुखविन्द्र उर्फ सरदार 25 वर्ष को सबसे पहले पकड़ा गया। सीसीटीवी कैमरे में उसकी तस्वीर और चोरी की घटनाओं में पहले भी संलिप्त रहने की बात सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने दो घटनाओं में चोरी की बात स्वीकारी। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सिम्मी अहिरवार निवासी हाउसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 13 अप्रैल की रात अज्ञात आरोपी द्वारा उनके सूने मकान का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश कर आलमारी में रखी नगदी रकम एवं चांदी के सामान चोरी कर लिये गये। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। इसी प्रकार देव सिंह थापा निवासी हाउसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वे अपने परिवार सहित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गये हुए थे।

## शिविर : विधायक दीपेश साहू ने सुनीं आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

# जनसमस्या निवारण शिविर बना सुशासन और जनसेवा का सशक्त मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के बेसिक स्कूल मैदान स्थित गांधी भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक के नागरिकों ने शिविर में भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों द्वारा मौके पर कार्रवाई की गई। इस अवसर पर विधायक साहू स्वयं शिविर में पहुंचे और आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से सुनिश्चित किया जाए।

**जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है: विधायक दीपेश साहू:** शिविर को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति अपने अधिकार और सुविधा के लिए भटकने को मजबूर न हो, यही सुशासन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य किया जाए ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। विधायक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा और बुजुर्ग सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा किसी भी समस्या के लिए प्रशासन से सीधे संपर्क करने की अपील भी की।



**मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विधायक दीपेश साहू द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी कुंजी है और मेहनत, अनुशासन तथा लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### विभिन्न विभागों के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

शिविर में कार्यपालन अभियंता, पुलिस विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, लीड बैंक, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, पशुधन विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सहित विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी एवं सेवा शिविर लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए तथा बालिकाओं को पासबुक वितरित की गई।

### नपा अध्यक्ष ने कहा जनता और शासन के बीच मजबूत हो रहा विश्वास

नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा ने भी शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त पहल से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से न केवल लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, बल्कि शासन के प्रति जनता का विश्वास भी लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता बेमेतरा का बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**बेमेतरा।** जिले एवं दाढ़ी क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई विद्यालय डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार अंक अर्जित कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। कॉमर्स संकाय में उदय चंद्राकर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदित्य देवांगन ने 84.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में गणेश निर्मलकर ने 75.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।।

- उदय चंद्राकर ने कॉमर्स संकाय में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर किया टॉप

# खेत के रास्ते पर अवैध कब्जा, किसान परेशान, एसडीएम से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा तहसील के ग्राम करंजिया (नवागांव) में खेत तक जाने वाले रास्ते और सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम करंजिया निवासी किसान सुखदेव साहू ने राजस्व विभाग को दिए आवेदन में बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम नवागांव में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 672 एवं रकबा 0.82 हेक्टेयर है।

किसान के अनुसार वे उक्त भूमि के वैधानिक भू-स्वामी हैं, लेकिन पिछले करीब दो वर्षों से उनके खेत के सामने स्थित सरकारी जमीन और आम रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा मिट्टी डालकर तथा फेंसिंग कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

### खेती-किसानी प्रभावित, आने-जाने में परेशानी

किसान सुखदेव साहू का कहना है कि रास्ते पर किए गए अतिक्रमण के कारण उन्हें अपने खेत तक पहुंचने और कृषि कार्य करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने संबंधित लोगों को कब्जा हटाने और रास्ता खुला रखने की बात कही, तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और संबंधित लोग झगड़े पर उतारू हो गए।

**सुशासन तिहार में उठाई समस्या:** बुधवार को ग्राम ढोलिया में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान पीड़ित किसान ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्या रखी। उन्होंने आवेदन के साथ खसरा नकल एवं मौके की तस्वीरें भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की हैं। किसान ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सरकारी भूमि एवं रास्ते से अवैध कब्जा हटाया जाए, ताकि उन्हें खेती- किसानी के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।




